आप-दा ने 10 वर्षों में दिल्ली के छोटे-छोटे मुद्दों के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब डबल इंजन सरकार दिल्ली के हित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करेगी और एक समृद्ध एवं विकसित दिल्ली के मार्ग को प्रशस्त करेगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### ऋण वृद्धि पुनर्जीवित



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस ऋणों पर बैंक ऋण पर जोखिम भार कम करके ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति

### परम चैतन्य



जिस चेतना की उपस्थिति में हम अपने अतीत की ग्लानि और भविष्य की चिंता से मुक्त होते हुए "आनंद से पूर्ण" हो जाएं तब समझिए हम "परम चैतन्य" के कृपाक्षेत्र में हैं। प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करके मुझे यही अनुभूत हुआ।

-आशुतोष राणा, अभिनेता

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पार्षद अमर और सचिन का किया सम्मान

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने गुरुवार को स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद अमर गिदवानी और अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद सचिन मेघानी का सम्मान किया और दोनों पार्षदों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। दोनों पार्षदों द्वारा शपथ लेने के बाद उनके स्वागत में कार्यक्रम रखा गया। इसी दौरान सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने दोनों पार्षदों का स्वागत किया और कहा, वार्ड की सेवा दोनों अच्छी तरह से करें, ऐसी कामना करते हैं। स्वागत करने वालों में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, धनेश मटलानी, संदीप मेघानी, मनीष थारानी, ईश्वर नाग आदि उपस्थित थे।

### भारतीय पेंशनर मंच का अधिवेशन 2 को

**रायपुर।** भारतीय पेंशनर्स मंच का प्रांत स्तरीय प्रथम अधिवेशन 2 मार्च को महाराष्ट्र मंडल भवन चौबे कालोनी आयोजित है। प्रातः 11 बजे से अधिवेशन की शुरुआत होगी। रायपुर में आयोजित इस प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता वी.एस यादव, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय पेंशनर्स मंच करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र नामदेव और भारतीय पेंशनर्स मंच के राष्ट्रीय मंत्री सतीशचन्द्र राय की उपस्थिति रहेगी।

### शहीद और मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति



**रायपुर।** नक्सल हमले में शहीद तथा बीमारी की वजह से मृत होने वाले चार पुलिसकर्मियों के परिजनों को एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति का प्रमाणपत्र सौंपा है। नियुक्ति पाने वालों में बीजापुर नक्सली हमले में शहीद भरतलाल साहू की पत्नी नंदेश्वरी साहू को एएसआई, रायपुर में पदस्थ एएसआई कैलाशनाथ शांडिल्य की बीमारी से मौत होने पर उनकी बेटी नेहा शांडिल्य को आरक्षक, एमटी पूल में प्रधान आरक्षक (चालक) अजय कुमार सोनी की बीमारी से मौत होने पर उनके बेटे मयंक को आरक्षक तथा आरक्षक मुकेश भंडारी की बीमारी से मौत होने पर उनकी पत्नी गंगोत्री को आरक्षक के पद पर नियुक्तिपत्र दिया गया है।

## प्रश्नकाल में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया मामला

# डिजिटल अरेस्ट के मामले में 168 करोड़ की ठगी गृहमंत्री ने कहा-सवा पांच करोड़ कराए वापस

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

विधानसभा में साइबर क्राइम में डिजिटल अरेस्ट किए जाने का मामले में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने साइबर ठगी की रकम के साथ-साथ पीड़ितों को वापस की गई राशि पर गृह मंत्री से सवाल किया। मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 168 करोड़ रुपए की ठगी राशि में से करीब पांच करोड़ 20 लाख रुपए की राशि वापस कराई गई है।



गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया, डिजिटल अरेस्ट के 12 प्रकरण सामने आए हैं। इन सभी प्रकरण में कार्रवाई की गई है। प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर ने पूछा कि 1795 बैंक खाते चल रहे हैं। 921 खातों में ठगी की रकम वसूली गई थी, लेकिन इन खातों को अब तक बंद नहीं की गई है, इसकी क्या वजह है? गृहमंत्री ने बताया कि ठगी की रकम एक खाते से दूसरे खाते में शिफ्ट किया जाता है। प्रारंभिक खाते को बंद किया जाता है। अजय चंद्राकर ने कहा, 722 सायबर ठगों को चिन्हित किया है, इनमे से करीब तीन सौ के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बाकी बचे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी? मंत्री विजय शर्मा ने कहा, बीते साल 20 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का डिजिटल ट्रांजेक्शन हुआ है। भारत का डिजिटल ट्रांजेक्शन जर्मनी भी अपना रहा है। सब्जी बेचने वालों को भी डिजिटल ट्रांजेक्शन से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, डिजिटल ट्रांजेक्शन के साथ-साथ साइबर क्राइम भी बढ़ा है। सायबर क्राइम दुनिया की चिंता है। केंद्र सरकार भी इसकी रोकथाम करने के प्रयास कर रही है। राज्य में जो मामले कार्रवाई के लिए बचे हुए हैं, उनके ख़िलाफ़ भी जल्द कार्रवाई होगी। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि सायबर क्राइम को रोकने क्या विशेषज्ञता है? गृहमंत्री ने कहा कि सायबर अपराध सिर्फ राज्य का विषय नहीं है। राज्य में नई सरकार बनने के बाद एक सायबर भवन का निर्माण किया गया। आधुनिक डिवाइस लाए गए हैं। भाजपा विधायक ने पूछा कि उपकरण जुटा लिए गए हैं, ये अच्छी बात है, लेकिन उन उपकरणों को चलाने के एक्सपर्ट कितने हैं? सायबर थाना खोलने की घोषणा सदन में हुई थी क्या खुल गया? गृहमंत्री ने बताया कि पांच संभाग रेंज में थानों को सायबर थानों में अपग्रेड किया गया है। सभी थानों में सायबर सेल खोली जा रही है। पांच एक्सपर्ट इंगेज करने की प्रक्रिया बढ़ाई है। एक्सपर्ट बाहर से नहीं आ सकते। जो मैनपावर हैं उससे ही चिन्हांकित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। इंडियन सायबर क्राइम सेंटर से 129 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

**722 ठग चिन्हित, 300 पर कार्रवाई, पांच रेंज में थानों को किया गया अपग्रेड**




# सवाल पर बवाल, जवाब 10 हजार से अधिक पेज में

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को सीजीएमएससी का एक सवाल आया, जिस पर स्वास्थ्य विभाग का जो जवाब आया है, वह 10 हजार पेज से अधिक का है। भाजपा सदस्य पुन्नू लाल मोहिले द्वारा लगाए गए इस सवाल में सीजीएमएससी द्वारा क्रय दवाई, उपकरण और अन्य प्रकार की सामाग्री के क्रय से संबंधित जानकारी मार्च 2022 से लेकर जनवरी 2025 तक की अवधि की मांगी गई थी। सवाल में उन्होंने किन-किन दवाइयों की कितनी मात्रा और उसे क्रय करने में लगी राशि का पूरा ब्योरा मांगा था। सवाल इतना विस्तृत था कि उसमें भंडार क्रय नियम का पालन, निविदा और क्रय करने के बाद कितने दिनों में स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया गया, उसका पूरा ब्योरा मांगा गया था।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दिए गए जवाब में चार वर्षों की दवाई खरीदी, कितने प्रकार की दवाई और उनकी मात्रा सहित जिन फर्मों से वर्ष वार खरीदी की गई थी, उसका पूरा विस्तार से मय दस्तावेज जानकारी उपलब्ध कराई गई। उसी प्रकार फर्नीचर और उपकरण खरीदी के निविदा से लेकर खरीदी और केंद्रों में पहुंचाने तक का विवरण भी दिया गया। यह बताया गया कि फर्म द्वारा क्रय आदेश के विरुद्ध सीजीएमएससी के दवा गोदामों में दवाइयों सामाग्री की आपूर्ति की जाती है। स्वास्थ्य केंद्रो को उनकी मासिक मांग के अनुसार यथाशीघ्र वितरित किया जाता है। क्रय किए गए उपकरण में से घरेलू आइटम के लिए 60 दिनों एवं इरपोर्टेड आइटम के लिए 75 दिन में पहुंचाने का नियम है। साइट रेडी होने की अवस्था में उपकरणों को यथाशीघ्र स्थापना करने के साथ क्रियाशील किया जाता है। दवाइयों और सामाग्री की कितनी कितनी मात्रा उपलब्ध कराई गई, इसकी जानकारी अलग से दी गई। सदस्य द्वारा शिकायतों के संबंध में मांगी गई जानकारी के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि दवाइयों को क्रय बाजार दर से अधिक दर पर किए जाने की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। कालातीत दवाओं की खरीदी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। उपकरण और सामाग्री को अधिक दर पर खरीदी करने की शिकायतें प्राप्त हुई है। इसकी अलग से जानकारी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद व्यवस्था दी कि वर्तमान सत्र में कुछ प्रश्नों द्वारा अपेक्षित जानकारी इतनी विस्तृत थी कि उनके विभाग से प्राप्त उत्तर 10 हजार पन्नों से भी अधिक है।

**भाजपा सदस्य पुन्नू लाल मोहिले ने पूछा था सवाल**

**FORM - IV**
**Statement of ownership and other particulars about Hari Bhoomi as required by Registration of Newspapers (Central) Rules 1956 :**

1. Place of Publication : Hari Bhoomi, Ring Road No. 2 Gaurav Path, Bilaspur (C.G.)-495001
2. Periodicity of Publication : Daily
3. Printer's Name : Priyank Singh Parihar
   Nationality : Indian
   Address : Ring Road No. 2 Gaurav Path, Bilaspur (C.G.)-495001
4. Publisher's Name : Priyank Singh Parihar
   Nationality : Indian
   Address : As above
5. Editor's Name : Dr. Himanshu Dwivedi
   Nationality : Indian
   Address : Ring Road No. 2 Gaurav Path, Bilaspur (C.G.)-495001

Hari Bhoomi, is owned by Hari Bhoomi Communications Private Limited, 129, Transport Centre, Panjabi Bagh, West Delhi-110035 having following share holders holding more than one percent of the total capital :

i) Abhimanyu Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
ii) Sarvesh Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
iii) Vir Sen Sindhu 1, Garud Nagar, Gevra Project, Korba, Chhattisgarh - 495452
iv) Vrit Pal Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
v) Satya Pal Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vi) Anika Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vii) Swasti Sindhu 53-57, Sector-14, Rohtak, Haryana - 124001
viii) Rachna Sindhu 53-57, Sector-14, Rohtak, Haryana-124001
ix) M/s Indus Edumanagement Services Private Limited 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035
x) Paramitra Holdings Private Limited, 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035

I, Priyank Singh Parihar, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Sd/-
Priyank Singh Parihar
Dt. 01-03-2025 Publisher

# 3 मार्च को ईडी दफ्तर का घेराव, कल जिलों में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी द्वारा भेजे गये समन के आधार पर जानकारी देने गये कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। ईडी ने कांग्रेस से उसके जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। प्रभारी महामंत्री ईडी द्वारा चाही गयी जानकारी देने ईडी ऑफिस गये थे। जानकारी प्राप्त करने के तुरंत बाद ईडी को उनको वापस आने देना चाहिए था। ईडी को कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहिये थी, तो उसको वह लिखित में मांग सकती थी, उस जानकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।

ईडी की तानाशाही कार्यवाही के विरोध में सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का निर्णय कांग्रेस कार्यकारिणी ने लिया है। 1 मार्च को सभी जिलों में पुतला दहन किया जायेगा। 3 मार्च को ईडी आफिस के सामने बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा। कांग्रेस अपने कार्यालयों के निर्माण के एक-एक रुपए का हिसाब देगी। ईडी ने भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को अनावश्यक घंटों बैठाये रखा था। ईडी भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है, जो सर्वथा अस्वीकार्य है। ईडी ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से जो सवाल किया, उससे साफ हो रहा था कि ईडी की मंशा कांग्रेस पदाधिकारी को प्रताड़ति करना है। प्रभारी महामंत्री ईडी के सवालों का जवाब देने गये थे, फिर उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक संपत्ति का ब्योरा क्यों मांगा गया। समन के चार बिन्दु थे, उसमें यह तो नहीं था।

# डेढ़ लाख टन धान सोसाइटियों में जाम उठाव के लिए अंतिम 2 दिन शेष



हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रायपुर जिले के धान उपार्जन केंद्र समितियों में अभी भी डेढ़ लाख टन धान जाम पड़ा हुआ है, जबकि धान उठाव की अंतिम तारीख 28 फरवरी तय की गई है। इस तरह सोसाइटियों से धान का उठाव के लिए मिलरों के पास अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। इधर निर्धारित समय-सीमा में सोसाइटियों से धान का उठाव नहीं करने वाले मिलरों के खिलाफ खाद्य विभाग अब सख्ती दिखा सकता है। अनुबंध के अनुसार जिन मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम धान का उठाव किया है, ऐसे मिलरों को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

रायपुर जिले में इस बार 2134852.46 क्विंटल धान का डीओ कस्टम मिलरों को जारी किया गया है। इसकी तुलना में मिलरों ने अब तक 1809242.19 क्विंटल धान का उठाव सोसायटियों से किया है, वहीं 325610.27 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया गया है। शेष धान अभी भी सोसायटियों में जाम है। इधर मिलरों को सोसायटियों से धान के उठाव लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद भी मिलरों ने शत प्रतिशत धान का उठाव नहीं कर पाए हैं। रायपुर जिले में कुल 238 है जिनके द्वारा धान का उठाव करने के लिए विभाग से अनुबंध किया है। इनमें लगभग 100 मिलर ऐसे हैं जो 50 प्रतिशत से भी कम धान का उठाव किए हैं। ऐसे मिलरों के नाम की विभाग सूची बनाकर उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है। मिलरों द्वारा सोसायटियों से धीमी गति से किए जा रहे धान के उठाव को लेकर जिला खाद्य अधिकारी ने करीब 5 दिन पूर्व मिलरों की बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने सभी मिलरों को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

# प्रापर्टी टैक्स वसूलने लगाएं शिविर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

लोगों से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में बिरगांव निगम पिछड़ गया है। इसमें तेजी लाने और रिकवरी की स्थिति जांचने के लिए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें पाया गया कि अभी तक लगभग 60% वसूली जिम्मेदार कर पाए हैं, जो शासन द्वारा तय लक्ष्य 80% से कम होने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए 31 मार्च तक 100% वसूली के लिए निर्देशित किया है।

निगम आयुक्त ने वसूली में तेजी लाने के लिए सभी टैक्स दाताओं को व्हाट्सअप और मैसेज भेजने कहा है। वार्डों में शिविर लगाने, बकायदारों की लिस्ट बनाने के बाद राजस्व अधिकारियों को डोर टू डोर संपर्क और वसूली करने निर्देश दिया है। टैक्स नहीं पटाने वाले बकायदारों को विधिवत बिल, नोटिस, कुर्की की कार्रवाई करते हुए लोक अदालत में केस प्रस्तुत करने और बड़े बकायादारों का नाम उनके निवास एवं कार्यस्थल के पास फ्लैक्स, होर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक करने का निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया है। राजस्व अधिकारी दीपक दीवान ने बताया कि ऐसे टैक्स दाता जिन्होंने टैक्स नहीं दिया, उन्हें डिमांड बिल, नोटिस भेज रहे हैं।

अभी तक लगभग 2.5 करोड़ की राशि ऑनलाइन निगम को प्राप्त हुई, जो अब तक की गई कुल वसूली का 25% है।

- बिरगांव निगम 60 फीसदी टैक्स ही वसूल पाया, अब चलेगा अभियान

# जुनेजा, अमरजीत और दो जिलाध्यक्ष पीसीसी के निशाने पर, कार्रवाई की तैयारी

**रायपुर।** कांग्रेस कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान संगठन के अनुशासन को लेकर गहन चर्चा हुई। पार्टी नेताओं द्वारा संगठन और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ की गई बयानबाजी पर नाराजगी जताई गई। जिन लोगों ने पीसीसी अध्यक्ष के खिलाफ बयान दिया है, उन पर कार्रवाई के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। वहीं बिलासपुर जिले के दोनों जिलाध्यक्षों को भी शो-कॉज नोटिस, अमरजीत भगत के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठी है। ये फैसला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक में प्रर्वतन निदेशालय द्वारा पार्टी संगठन पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। पार्टी फोरम से बाहर संगठन के विरोध में सार्वजनिक बयानबाजी करने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में चर्चा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम की समीक्षा संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। दीपक बैज ने बताया कि निकाय चुनावों में हार को लेकर पीसीसी अध्यक्ष और संगठन के खिलाफ बयान बाजी को लेकर जो बयान आए थे, उन मामलों में कार्यकारिणी की बैठक में विचार करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी ने ईडी की कार्यवाही मामले में सड़क की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है। मामले में जिला और प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

# सवा लाख सरकारी दफ्तरों में लगने हैं स्मार्ट मीटर, अब तक लगे सिर्फ सात हजार में

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में अब तक महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं के 11 लाख से ज्यादा मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक मीटर नहीं लग पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं, जो अब तक स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास आए नहीं हैं। इनके आने के बाद ही इनको लगाने का काम होगा।

- आम उपभोक्ताओं के 11 लाख मीटर बदले गए

बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। इस समय भी प्रदेश भर के सरकारी विभागों पर 25 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है। प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। लेकिन अब तक महज 31 सौ ट्रांसफार्मरों में ही मीटर लग पाए हैं। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं।



## डिप्टी सीएम अरुण साव और पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव समारोह में हुए शामिल

# छग ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के विजेता पुरस्कृत, कपिल देव हुए शामिल

### युवा गोल्फर शौर्य भट्टाचार्य ने जीता छत्तीसगढ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

नवा रायपुर स्थित फेयरवे गोल्फ और लेक रिज़ॉर्ट में आयोजित छत्तीसगढ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 के अंतिम दिन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शौर्य भट्टाचार्य को ट्राफी और पुरस्कार राशि प्रदान किया। वहीं दूसरा पुरस्कार सचिन बैसोया को दिया। श्री साव और कपिल देव ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब जीतने वाले शौर्य भट्टाचार्य को बधाई दी और अन्य खिलाड़ियों को भी आगे अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

उप मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, गोल्फ चैंपियनशिप से निश्चित ही छत्तीसगढ़ में गोल्फ के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा और राज्य आकर्षक गोल्फ खेल के रूप में स्थापित होगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, पीजीटीआई ने रायपुर को गोल्फ चैंपियनशिप के लिए चुना है, इसके लिए कपिल देव और उनकी टीम को बहुत बहुत बधाई।




उन्होंने कहा, नवा रायपुर में वर्ल्ड क्लास गोल्फ कोर्स है। और उतना ही प्यारा हमारा छत्तीसगढ़ है। गोल्फ खेल में छत्तीसगढ़ के युवा भी आगे बढ़े, इसलिए इस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, प्रदेश के युवाओं को इससे प्रेरणा मिलेगी। वे भी इस गोल्फ खेल में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### 13 विदेशी और 126 खिलाडियों ने लिया हिस्सा-

टूर्नामेंट में सात अलग-अलग देशों के 13 विदेशी खिलाड़ी भाग लिए। टूर्नामेंट में 123 प्रोफेशनल और तीन एमेच्योर सहित 126 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने यहां गोल्फ खेलने के साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति और रहन सहन को सराहा। छत्तीसगढ़ में हम खेल को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ खेल के क्षेत्र में आगे जाएगा। देश और विदेशों में छत्तीसगढ़ का भी नाम होगा।

प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा, छत्तीसगढ़ ने गोल्फर को एक नया स्थान दिया है। यहां आकर खिलाड़ियों ने अपना टैलेंट दिखाया, आगे भी वे खेलने आएंगे। उन्होंने कहा, हम चाहते है कि देश में क्रिकेट की तरह हर खेल निखारा जाए, इनका टैलेंट आज सबके सामने है। ऐसे ही ये लगातार सफलता प्राप्त करेंगे। पुरस्कार समारोह में सीईओ अमनदीप, राहुल मेहता, चिन्मय सहित गोल्फ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# होली के बाद बनेगा आटो सिस्टम

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

राजधानी में ऑटो संचालन की प्रक्रिया होली के बाद बदलने की योजना है। ट्रैफिक पुलिस ने शहर में बेरतरतीब तरीके से चल रहे ऑटो को व्यवस्थित तरीके से चलाने शहर को चार जोन में बांटा है। उसे होली के बाद अमल में लाया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने शुक्रवार को नगर निगम मेयर मीनल चौबे तथा निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा से संपर्क किया। निगम आयुक्त तथा महापौर ने नई व्यवस्था पर सहमति व्यक्त की है। निगम के जिम्मेदारों से सहमति मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस के अफसरों की आयुक्त तथा मेयर के साथ मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई है।

■ मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस की मेयर, निगम आयुक्त के साथ बैठक

शहर में ट्रैफिक का दबाव कम करने तथा ऑटो का व्यवस्थित संचालन करने ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार जोन में बांटा है। इसमें रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंड, शंकर नगर तथा टैगोर नगर जोन हैं। इन चार जोन में शहर के अलग-अलग हिस्सों को शामिल किया गया है। शहर में संचालित 20 हजार ऑटो इन्हीं चार जोन के अंदर पांच-पांच हजार की संख्या में चलेंगे। इससे शहर के व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। लोगों को ऑटो की वजह से लगने वाले बेवजह जाम से मुक्ति मिलेगी।

### ऑटो चालकों के साथ बैठक कर सुझाव

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक जोन स्तर पर ऑटो चलाने ऑटो यूनियन से बात की जाएगी। ऑटो यूनियन की बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में ऑटो यूनियन की राय ली जाएगी। इसके साथ ही उनसे जरूरी सुझाव मांगे जाएंगे। ऑटो वालों को भी जोन स्तर पर ऑटो चलाने किसी तरह की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

### शास्त्री चौक ऑटो फ्री जोन रहेगा

ट्रैफिक डीएसपी के अनुसार शहर में ऑटो चलाने जोन स्तर पर बंटवारा होने के बाद भी शास्त्री चौक ऑटो फ्री जोन रहेगा। शास्त्री चौक पर किसी भी प्रकार के ऑटो चलाने पर रोक रहेगी। ट्रैफिक डीएसपी के अनुसार जोन में किसी तरह से बदलाव किए जाने की स्थिति में अफसरों से चर्चा की जाएगी। उसके बाद ही बदलाव किया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा ऑटो का दबाव

ऑटो चलाने क्षेत्र निर्धारित नहीं होने की वजह से ज्यादातर ऑटो चालक शहर के व्यस्त मार्गों पर सवारी की तलाश करने ऑटो लेकर पहुंचते हैं। इसके कारण रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंड के साथ ही भाठागांव चौक, पचपेड़ी नाका चौक तथा आंबेडकर अस्पताल के पास ऑटो की भीड़ रहती है। इससे इन मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है।

# रिहायशी इलाके में पहुंचा जंगली सुअर, दो पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार की दोपहर को जंगल से भटक कर एक जंगली सुअर अतरमुड़ा मोहल्ले में जा पहुंचा, जहां उसने दो लोगों को घायल भी कर दिया। जिसके बाद वह डीएफओ बंगले के गेट पर जा कर फंस गया। किसी तरह उसे बाहर निकाल कर जंगल में छोड़ दिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे के बीच अचानक एक जंगली सुअर जंगल से भटकते हुए रोज गार्डन के पास पहुंच गया और उक्त जंगली सुअर टीवी टावर मेन रोड से दौड़ता हुआ। डीएफओ बंगले के पास पहुंच गया। जब



जंगली सुअर ने मेन गेट से गुजरने की कोशिश की तब वह गेट में ही फंस गया। जब इस बात की जानकारी वन अमले को लगी तो वन अमला मौके पर पहुंचा और उसे रेस्क्यू करने का प्रयास किया गया। वहीं इस दौरान वहां से गुजर रहे लोग जंगली सुअर का वीडियो बनाने लगे। इसी दौरान वहां लोग इकट्ठा हो गए और कुछ ही समय में भीड़ बढ़ने लगी। दूसरी ओर जंगली सुअर किसी तरह डीएफओ बंगले के गेट से निकला और अतरमुड़ा मोहल्ले में दाखिल हो गया। जहां जंगली सुअर को देख लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। बताया जा रहा है कि वहां मौजूद दो लोगों को भी उसने घायल कर दिया।

#### किया रेस्क्यू

जंगली सुअर जंगल से भटककर यहां आ गया था। वह डीएफओ बंगला के गेट में फंस गया था, जिसे निकाला गया है। फिलहाल जंगली सुअर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

**हेमलाल जायसवाल,**
**वन परिक्षेत्राधिकारी, रायगढ़ वन परिक्षेत्र**

# इंजीनियरिंग छात्रों को अपडेट रखने प्राध्यापकों को मिलेगी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

इंजीनियरिंग छात्रों को अध्यापन कार्य कराने वाले प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया जाएगा।

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन अर्थात एआईसीटीई यह पहल कर रहा है। कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट से संबंधित फैकल्टी मेंबर्स के एकेडमिक डेवलपमेंट के लिए ''एआईसीटीई-क्यूआईपी-पीजी सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन इमर्जिंग एरियाज'' लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट जैसे-मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल आदि के फैकल्टी मेंबर्स को टेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी, जिससे वह इन कोर्स के स्टूडेंट्स को प्रभावी रूप से पढ़ाने में सक्षम हो सकें।

एआईसीटीई ने खास तरह के इस कोर्स में प्रवेश के लिए योग्यता भी निर्धारित की है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्यापन कार्य करने वाले और कम से कम 5 साल पढ़ाने का अनुभव रखने वाले इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। किसी भी होस्ट इंस्टिट्यूट में कोर्स के लिए नामांकित होने वाले मैक्सिमम 50 फैकल्टी मेंबर से कोई फीस नहीं लिया जाएगा।

एआईसीटीई का कहना है कि यह पहल जरूरी है क्योंकि इंजीनियरिंग में उभरते क्षेत्र लगातार डेवलप हो रहे हैं जिससे शिक्षकों को अपडेट रहने की जरूरत है। यह प्रोग्राम शुरू करने का उद्देश्य फैकल्टी मेंबर्स को छात्रों को इन उभरते क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए जरूरी ज्ञान और स्किल से युक्त करना है। इससे न केवल फैकल्टी मेंबर्स को उनकी विशेषज्ञता बढ़ाकर फायदा मिलेगा, बल्कि देश में इंजीनियरिंग एजुकेशन की ओवरऑल क्वालिटी बढ़ाने में भी योगदान मिलेगा।

### तीन चरणों में विभाजन

एआईसीटीई सर्टिफाइड संस्थानों को काउंसिल के पास आवेदन जमा करना होगा। प्रोग्राम कंटेंट को तीन फेज जागरूकता, विशेषज्ञता और अनुप्रयोग में बांटा गया है। 18 क्रेडिट के प्रोग्राम में थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं। इंडस्ट्री सेक्टर के एक्सपर्ट को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि शिक्षक आज की इंडस्ट्री की जरूरतों और ट्रेंड्स से अपडेट रहें। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग और टेक्निकल एजूकेशन फैकल्टी के टीचिंग मैथ्डस को एडवांस बनाना है ताकि स्टूडेंट्स को हाई गुणवत्ता वाली टेक्निकल एजूकेशन मिल सके।

# फरवरी के अंतिम दिन सबसे गर्म रही राजधानी, पारा 37 के करीब

### रात के तापमान के मामले भी रायपुर अव्वल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

फरवरी के अंतिम दिन राजधानी रायपुर ने गर्मी के मामले में अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रिकार्ड किया गया। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से छाए हल्के बादलों की वजह से रात का तापमान भी अन्य शहरों की तुलना में अधिक दर्ज किया गया है।



फरवरी का महीना ठंडी गर्मी के बीच बीत गया है। मार्च के महीने में अगर पश्चिमी विक्षोभ अपना ज्यादा असर नहीं दिखाता है, तो गर्मी अपना प्रभाव दिखाएगी। मौसम विभाग द्वारा मार्च से लेकर मई के बीच सामान्य से अधिक गर्मी रहने और लू के दिनों की संख्या भी अधिक रहने की संभावना जताई गई है। महीने के अंतिम दिन राजधानी में 37 डिग्री की गर्मी रही, वहीं पिछले चौबीस घंटे में रात का पारा 19 डिग्री पर रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के ऊपर विस्तारित है। विक्षोभ की वजह से रात में हल्के बादल रहने, मगर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर बने रहने का अनुमान है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ।


छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in
आवासीय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर



श्री विष्णुदेव साय
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

भवनों के लागत मूल्य में 30% की छूट
बुकिंग राशि मात्र 5%

ONLINE BOOKING ➡ BOOK PROPERTY ONLINE

**रायपुर, कचना (फेस-1) (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए टाईप फ्लैट | 03 | 1784.51 | 27.85 | 20.54 |
| 2. | बी टाईप फ्लैट | 05 | 1273.87 | 17.58 | 13.03 |
| 3. | सी टाईप फ्लैट | 01 | 1091.92 | 15.59 | 11.55 |

सम्पर्क सूत्र : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

**रायपुर, आवासी सह व्यवसायिक परिसर सेक्टर-3, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.आई.जी. प्रथम तल फ्लैट क्र. 1 से 4 | 04 | 849.82 | 15.39 | 11.20 |
| 2. | एम.आई.जी. द्वितीय तल फ्लैट क्र. 1 से 4 | 04 | 849.82 | 15.39 | 11.20 |

सम्पर्क सूत्र : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

**रायपुर, आवासीय सह व्यवसायिक परिसर सेक्टर-7, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.आई.जी. प्रथम तल फ्लैट क्र. 1 एवं 6 | 02 | 758.47 | 14.28 | 10.40 |
| 2. | एम.आई.जी. प्रथम तल फ्लैट क्र. 2,3,4,5 | 04 | 742.87 | 13.99 | 10.18 |
| 3. | एम.आई.जी. द्वितीय तल फ्लैट क्र. 1 एवं 6 | 02 | 758.47 | 14.44 | 10.51 |
| 4. | एम.आई.जी. द्वितीय तल फ्लैट क्र. 2,3,4,5 | 04 | 742.87 | 13.99 | 10.18 |

सम्पर्क सूत्र : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

**रायपुर, पिरदा (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.आई.जी. (एस+3) फ्लैट | 123 | 792.47 | 14.76 | 10.70 |
| 2. | एल.आई.जी. (जी+3) फ्लैट | 118 | 614.40 | 9.67 | 7.03 |

सम्पर्क सूत्र : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

**रायपुर, बोरियाकला (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केमेलिया (3 बीएचके फ्लैट) | 300 | 1213.84 | 31.42 से 31.78 | 22.57 से 22.93 |
| 2. | पाईन (2 बीएचके फ्लैट) | 167 | 943.44 | 23.83 से 23.84 | 17.23 से 17.24 |

सम्पर्क सूत्र : 8817637003, 7389836158, 8817282979, 8889229851, 7489338740, 9926752769, 9302712623, 9907449881, 7898651597, 8224849998, 9424209043

**रायपुर, डुमरतराई (फेस -2) (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.आई.जी. (जी+10) (2 बीएचके फ्लैट) | 93 | 918.90 | 22.35 | 16.04 |

सम्पर्क सूत्र : 8817637003, 7389836158, 8817282979, 8889229851, 7489338740, 9926752769, 9302712623, 9907449881, 7898651597, 8224849998, 9424209043

**रायपुर, डुमरतराई (फेस-1) (20 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एच.आई.जी. (जी+10) | 14 | 1548.14 | 30.73 | 25.00 |
| 2. | एम.आई.जी. (जी+10) | 14 | 974.21 | 20.02 | 16.29 |

सम्पर्क सूत्र : 8817637003, 7389836158, 8817282979, 8889229851, 7489338740, 9926752769, 9302712623, 9907449881, 7898651597, 8224849998, 9424209043

**नवा रायपुर, अटल नगर सेक्टर-29 (20 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एच.आई.जी. फ्लैट (मीड तल) | 46 | 1154.33 | 29.80 | 24.05 |
| 2. | एच.आई.जी. फ्लैट (टॉप तल) | 12 | 1154.33 | 29.65 | 23.90 |

सम्पर्क सूत्र : 9827158516, 9926479902, 7697777082, 9893763349, 9575029157, 9407622877, 7999815734, 9479219397

**बिलासपुर, अभिलाषा परिसर, तिफरा (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02 बी.एच.के. प्रकोष्ठ भवन | 49 | 900.00 | 25.50 | 18.11 |
| 2. | 03 बी.एच.के. प्रकोष्ठ भवन | 21 | 1426.00 | 37.31 | 26.49 |
| 3. | 04 बी.एच.के. प्रकोष्ठ भवन | 52 | 1818.00 | 43.66 | 31.02 |

सम्पर्क सूत्र : 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**भिलाई, खारून ग्रीन्स कुम्हारी (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमलताश एच.आई.जी.–1, चतुर्थ तल | 02 | 1148.85 | 34.30 | 24.38 |
| 2. | अमलताश एच.आई.जी.–1, पंचम तल | 03 | 1148.85 | 33.70 | 23.96 |
| 3. | अमलताश एच.आई.जी.–II, द्वितीय तल | 01 | 871.78 | 25.22 | 17.94 |
| 4. | अमलताश एच.आई.जी.–II, तृतीय तल | 02 | 871.78 | 24.76 | 17.62 |
| 5. | अमलताश एच.आई.जी.–II, चतुर्थ तल | 01 | 871.78 | 24.31 | 17.30 |
| 6. | अमलताश एच.आई.जी.–II, पंचम तल | 02 | 871.78 | 23.87 | 16.99 |
| 7. | अमलताश एम.आई.जी.–1, प्रथम तल | 03 | 925.47 | 26.97 | 19.18 |
| 8. | अमलताश एम.आई.जी.–1, द्वितीय तल | 01 | 925.47 | 26.49 | 18.84 |
| 9. | अमलताश एम.आई.जी.–1, तृतीय तल | 03 | 925.47 | 26.01 | 18.50 |
| 10. | अमलताश एम.आई.जी.–1, चतुर्थ तल | 03 | 925.47 | 25.54 | 18.17 |
| 11. | अमलताश एम.आई.जी.–1, पंचम तल | 01 | 925.47 | 25.06 | 17.83 |
| 12. | अमलताश एम.आई.जी.–II, प्रथम तल | 01 | 843.26 | 23.95 | 17.04 |
| 13. | अमलताश एम.आई.जी.–II, द्वितीय तल | 01 | 843.26 | 23.51 | 16.73 |
| 14 | अमलताश एम.आई.जी.–II, तृतीय तल | 02 | 843.26 | 23.07 | 16.42 |
| 15. | अमलताश एम.आई.जी.–II, चतुर्थ तल | 04 | 843.26 | 22.64 | 16.11 |
| 16. | अमलताश एम.आई.जी.–II, पंचम तल | 01 | 843.26 | 22.20 | 15.80 |
| 17. | अमलताश एम.आई.जी.–III, प्रथम तल | 02 | 800.97 | 22.39 | 15.93 |
| 18. | अमलताश एम.आई.जी.–II, द्वितीय तल | 02 | 800.97 | 21.98 | 15.64 |
| 19. | अमलताश एम.आई.जी.–III, तृतीय तल | 01 | 800.97 | 21.56 | 15.35 |
| 20. | अमलताश एम.आई.जी.–III, पंचम तल | 01 | 800.97 | 21.15 | 15.05 |

सम्पर्क सूत्र : 9755405252, 7697800900, 9827999119, 9425577575, 9424284256

**चरोदा, चरोदा हाइट्स (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एल.आई.जी. फ्लैट्स प्रथम तल | 05 | 523.00 | 11.30 | 8.05 |
| 2. | एल.आई.जी. फ्लैट्स द्वितीय तल | 08 | 523.00 | 10.80 | 7.70 |
| 3. | एल.आई.जी. फ्लैट्स तृतीय तल | 09 | 523.00 | 10.30 | 7.35 |
| 4. | एल.आई.जी. फ्लैट्स चतुर्थ तल | 09 | 523.00 | 9.80 | 7.00 |
| 5. | एल.आई.जी. फ्लैट्स पंचम तल | 14 | 523.00 | 9.30 | 6.65 |
| 6. | एल.आई.जी. फ्लैट्स पष्ठम तल | 28 | 523.00 | 8.80 | 6.55 |

सम्पर्क सूत्र : 9755405252, 7697800900, 9827999119, 9425577575, 9424284256

**भिलाई, तालपुरी (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स प्रथम तल | 07 | 1076.11 | 29.12 | 20.72 |
| 2. | ऑर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स द्वितीय तल | 06 | 1076.11 | 29.12 | 20.72 |
| 3. | ऑर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स तृतीय तल | 06 | 1076.11 | 29.12 | 20.72 |
| 4. | ऑर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स चतुर्थ तल | 02 | 1076.11 | 29.12 | 20.72 |
| 5. | ऑर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स पंचम तल | 04 | 1076.11 | 29.12 | 20.72 |
| 6. | आर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स षष्ठम तल (सामने) | 16 | 1080.95 | 29.13 | 20.73 |
| 7. | ऑर्किड एम.आई.जी. फ्लैट्स षष्ठम तल (पीछे) | 18 | 1076.11 | 29.12 | 20.72 |

सम्पर्क सूत्र : 9755405252, 7697800900, 9827999119, 9425577575, 9424284256

**दंतेवाड़ा, चितालंका (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एच.आई.जी. | 01 | 2517.84 | 1239.01 | 30.85 | 21.90 |
| 2. | जूनि. एम.आई.जी. | 01 | 1507.80 | 982.93 | 21.40 | 15.20 |
| 3. | एल.आई.जी. | 10 | 1032.96 | 531.86 | 10.55 से 10.85 | 7.55 से 7.75 |
| 4. | ई.डब्ल्यू.एस. | 20 | 435.78 | 312.04 | 4.40 से 4.50 | 3.18 से 3.25 |

सम्पर्क सूत्र : 9407979151, 9644303087, 8225956700

**कोरबा, अटल विहार योजना, उरगा (30 प्रतिशत छूट)**

| क्रं. | भवनों का प्रकार | संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | बिल्टप/सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | भवन का मूल्य (रू. लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिन. एम.आई.जी. टाईप–2 | 46 | 2008.14 से 2499.55 | 1076.00 | 22.51 से 23.80 | 15.95 से 16.87 |
| 2. | जूनि. एम.आई.जी. टाईप–2 | 37 | 1494.67 से 2398.40 | 982.93 | 18.99 से 21.12 | 13.45 से 14.98 |
| 3. | ई.डब्ल्यु.एस. फ्लैट | 01 | – | 402.85 | 4.52 | 3.28 |

सम्पर्क सूत्र : 9907285405, 7725067027

नियम एवं शर्तें : पंजीयन/धरोहर राशि भवन मूल्य की 5% अग्रिम देय होगी। भवनों का विक्रय जहाँ है जैसा है स्थिति में किया जावेगा। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु संबंधित संभाग/संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र कार्यालय, सूचना केन्द्र, शंकर नगर, रायपुर एवं सूचना केन्द्र, पर्यावरण भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर कार्यालय में सम्पर्क करें या विजीट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in पर। BOOK PROPERTY ONLINE

अधिक जानकारी के लिए
स्कैन करें

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास

टोल फ्री नं. : 1800 121 6313

## रायपुर शहर में 225 तालाबों में करीब 140 तालाब ही सुरक्षित

# 30 तालाब पटे, 55 से ज्यादा पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राजधानी रायपुर में तालाब लगातार विलुप्त होते जा रहे हैं। शहर में इससे पहले 225 से ज्यादा तालाब हुआ करते थे, जिनमें से करीब 140 तालाब ही अस्तित्व में हैं। वहीं 30 से ज्यादा तालाब पट चुके हैं, जबकि 50 से अधिक तालाबों पर अतिक्रमण हो चुके हैं। इस तरह शहर में लगातार तालाबों की संख्या घटती जा रही है। इधर तालाबों की संख्या कम होने से शहर में पानी की समस्या भी दिनों दिन विकराल रूप लेती जा रही है। यही कारण है कि हर साल गर्मी के सीजन में शहर के कई वार्डों में पानी की किल्लत बनी रहती है, जिसके कारण उन वार्डों में नगर निगम को पानी टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति करना पड़ता है। शहर में डेवलपमेंट के नाम पर भी कई तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की है, जिसके कारण वर्तमान में भी कई तालाबों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

सूत्रों की मानें, तो छत्तीसगढ़ के राज्य गठन और रायपुर को राजधानी बनाने के बाद से शहर में तालाबों का घटना शुरू हुआ है। राजधानी बनने के बाद शहर का तेजी से डेवलपमेंट हुआ है, जिसके कारण कई तालाबों को पाटने का क्रम भी शुरू हो गया। जैसे-जैसे शहर का विकास होने लगा, वैसे-वैसे शहर से तालाब पटते गए हैं। इस तरह वर्ष 2001 से लेकर वर्ष 2021 अवधि के दौरान शहर में तालाबों की स्थिति में काफी बदलाव हुए हैं। एक तरफ जहां करीब 31 तालाब गायब हो गए, वहीं 50 से ज्यादा तालाबों के रकबे भी घट गए हैं। जिन तालाबों के रकबे घटे हैं, उनमें ज्यादातर तालाबों पर अतिक्रमण किया गया है।

### 20 वर्षों में तालाबों का रकबा भी बदला, तालाबों के साथ कृषि एवं हरियाली भी घट रही

शहर में तालाबों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा डेवलपमेंट रहा है। शहर में जिस तेज गति से डेवलपमेंट के कार्य हो रहे हैं, उसी गति से तालाबों के अस्तित्व भी खत्म होने लगे हैं। कई तालाबों के आसपास कंस्ट्रक्शन का काम होने के कारण उसका क्षेत्रफल भी कम हो रहा है। गाइड लाइन के अनुसार तालाब के आसपास कंस्ट्रक्शन कार्य किया नहीं जा सकता। इसके बाद भी शहर में ऐसे कई निजी प्रोजेक्ट हैं, जिसका कंस्ट्रक्शन का कार्य तालाब के नजदीक ही हुए हैं और हो रहे हैं।

शहर में तालाबों की संख्या घटने से कृषि एवं हरियाली में भारी कमी आई है। शहर में लगातार डेवलपमेंट के कार्य हो रहे हैं, जिसके कारण शहर में कृषि का रकबा भी तेजी से घटा है। किसानों ने खेती-किसानी छोड़कर जमीन को बिल्डरों को बेच दी है, जहां अब आवास कालोनियों या फ्लैट्स की बिल्डिंग तन चुकी है। तालाबों के घटने और लगातार डेवलपमेंट कार्य के कारण शहर की हरियाली पर भी बड़ा असर पड़ा है। सालों पुराने हजारों वृक्ष काट दिए गए हैं।

### कई तालाब नक्शे से भी गायब

शहर में ऐसे कई तालाब हैं, जहां अब कालोनी या बस्ती तक बस चुकी है। इसके कारण इन तालाबों का नामो निशान मिट चुका है। यहां तक कि नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के नक्शे से भी ये तालाब गायब हो चुके हैं। शहर में ऐसे करीब दर्जनभर से अधिक तालाब हैं, जो नक्शे से गायब हो गए हैं। ये तालाब अब ढूंढने से भी नहीं मिल पाएंगे।

### सौंदर्यीकरण नहीं होने से मंडरा रहा खतरा

शहर के बचे तालाबों को सुरक्षित रखने के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर द्वारा उनका सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत शहर में बूढ़ापारा, तेलीबांधा मरीन ड्राइव सहित कई तालाबों का सौंदर्यीकरण भी किया गया है, लेकिन जितने तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया है, उससे कहीं ज्यादा तालाब ऐसे हैं, जिसके सौंदर्यीकरण के लिए अब तक पहल नहीं की गई है। ऐसे में इन तालाबों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

# दो दर्जन से ज्यादा हमपेशा साथियों को जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाला हवलदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- गिरफ्तार हवलदार अपने आपको एसीबी में पदस्थ होना बताता था
- हवलदार ने पांच वर्ष पूर्व एएसआई, एसआई सहित दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ की थी ठगी

पांच वर्ष पूर्व जमीन बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने के आरोपी हवलदार को सिविल लाइंस पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है, उसने अपने हमपेशा साथियों के साथ ठगी की थी। गिरफ्तार हवलदार की वर्ष 2019 से लेकर अब तक लोक आयोग में तैनाती होना बताया जा रहा है। पुलिस हवलदार के तीन साथी राज कश्यप सहित अन्य दो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। पुलिसकर्मियों के साथ ठगी करने के आरोप में सिविल लाइंस पुलिस ने जयदेव वर्मा नाम के पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है। जयदेव के खिलाफ टिकरापारा, गुढ़ियारी, सिविल लाइंस, गंज में वर्ष 2019 में तैनात पुलिसकर्मियों ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।



### अपने आपको एसीबी में तैनात होना बताता था

जयदेव अपनी पहचान छिपाने अपने आपको एसीबी में तैनात होना बताता था। साथी पुलिसकर्मियों ने जयदेव के अपने हमपेशा साथी होने की वजह से विश्वास में जमीन लेने रकम दे दी थी। बताया जा रहा है, जयदेव ने कुछ पुलिसकर्मियों को कुछ रकम लौटाया भी था। बाद में उसने पैसे लौटाना बंद कर दिया। विभागीय होने की वजह से पुलिस जयदेव को गिरफ्तार करने से बच रही थी।

ठगी की शिकायत दर्ज होने के बाद जयदेव की विभागीय जांच भी की गई, लेकिन उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी।

### एसएसपी के संज्ञान में लेने के बाद गिरफ्तारी

जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी नहीं होने से आहत ठगी के शिकार पुलिसकर्मियों ने जयदेव की शिकायत एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद से की। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जयदेव वर्मा को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने जयदेव को गिरफ्तार किया।

### साथियों को रकम लौटाने झूठा आश्वासन

जयदेव ने अपने हमपेशा साथियों को सेजबहार में कम कीमत में जमीन दिलाने का झांसा देकर जमीन दलाल राज कश्यप तथा दो अन्य के साथ मिलकर किस्तों में पैसे वसूले। किस्त जमा करने के बाद भी जमीन नहीं मिलने पर जयदेव ने अपने साथी पुलिसकर्मियों को जल्द पैसा लौटाने का झांसा देता रहा। पैसा नहीं मिलने पर ठगी के शिकार पुलिसकर्मियों ने जयदेव के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। ठगी के शिकार होने वाले पुलिसकर्मियों में आरक्षक से लेकर एएसआई से लेकर एसआई स्तर तथा क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## 1 मार्च को इंडस्ट्रीज डायलाग

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित मेफयर लेक रिसार्ट में 1 मार्च को इंडस्ट्रीज डायलाग कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन भी शामिल होंगे। बताया गया है कि वाणिज्य एवं उद्योग सचिव रजत कुमार कार्यक्रम में संबोधन की शुरुआत करेंगे।

# सड़क पर जन्मदिन मनाने और सार्वजनिक यातायात बाधित करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में शुक्रवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सड़कों पर जन्मदिन मनाने, पंडाल लगाने, भंडारा आयोजित करने की प्रवृतियों को हतोत्साहित करने एवं सार्वजनिक यातायात को बाधित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

- सड़क मार्गों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और जागरूक करने अभियान चलेगा- मुख्य सचिव

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति यदि सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने वालों पर एंटी-एन्क्रोचमेंट एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, रायपुर एवं बिलासपुर के पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर एवं बिलासपुर के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, परिवहन, नगरीय प्रशासन, विधि विभाग

मुख्य सचिव श्री जैन ने बैठक में कहा, सड़कें केवल आवागमन के लिए हैं, निजी आयोजनों के लिए नहीं। जन्मदिन, पार्टियां तथा अन्य कोई भी निजी कार्यक्रम सार्वजनिक सड़कों पर आयोजित करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने ऐसे आयोजनों में शामिल वाहनों को जब्त करने और आयोजकों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। जिम्मेदार व्यक्तियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत उत्तरदायी ठहराया जाएगा। मुख्य सचिव ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे किसी भी अवैध आयोजन को तुरंत रोकें और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें।

### जन जागरूकता अभियान चलाएं

मुख्य सचिव ने कहा, इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे नागरिकों को स्पष्ट संदेश मिले कि सार्वजनिक मार्गों पर अवैध आयोजन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। उन्होंने जनसंपर्क विभाग को विभिन्न प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुए आमजन को इस सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा होती हैं, तो संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस सम्बन्ध में सख्त निगरानी रखें। मुख्य सचिव ने कहा कि वे विशेष सतर्कता दल (विजिलेंस टीम) गठित करें, जो ऐसी घटनाओं पर नजर रखेंगे और तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### नागरिक संघर्ष समिति ने किया स्वागत

सड़क घेरकर किसी भी तरह के ईवेंट आयोजन करने मुख्य सचिव की रोक का नागरिक संघर्ष समिति ने स्वागत किया है। डॉ. राकेश गुप्ता ने इस संबंध में कहा कि पूर्व में भी राज्य शासन तथा हाईकोर्ट ने सड़क घेर कर आयोजन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने आदेश जारी किए हैं। बावजूद इसके लोग आयोजन करते हैं। आयोजन में असामाजिक तत्व के लोग घुस जाते हैं। इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री गुप्ता के अनुसार आदेश का पालन नहीं करा पाने की स्थिति में अफसरों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावा शासन को इस संबंध में स्पष्ट तौर पर गाइड लाइन जारी करनी चाहिए।

# कम्यूनिटी मेडिसिन एचओडी पर छात्रा ने लगाया उत्पीड़न का आरोपी छात्रों ने बताया आरोप निराधार

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के कम्यूनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डा. अशीष सिन्हा पर विभाग की पीजी छात्रा ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शराब ऑफर करने, व्हाट्स एप की डीपी बदलने और बैड टच जैसी गंभीर शिकायत चिकित्सा शिक्षा आयुक्त से की गई। मामले में अजीबोगरीब स्थिति तब बन गई जब विभाग के अन्य पीजी विद्यार्थियों ने एचओडी पर लगे आरोप को निराधार बताया। उनकी ओर से भी सीएमई को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग की छात्रा ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की और उसी आरोपों के खंडन वाला साथी विद्यार्थियों द्वारा जारी पत्र से चिकित्सा शिक्षा विभाग में अजीबोगरीब स्थिति बन गई है। छात्रा ने अपनी शिकायत में डॉ. सिन्हा पर गंभीर आरोप लगाया था। छात्रा की शिकायत थी कि गैर विभागीय सीएमई में जबरन बुलाकर शराब पीने का ऑफर किया गया। इनकार करने पर एचओडी फोन और मैसेज कर उस पर दबाव बनाते रहे। इसके पूर्व भी पुरानी तस्वीर को अच्छी बताते हुए व्हाट्सएप डीपी बदलने, थीसिस एप्रूवल के बदले गलत तरीके से पार्टी करने का प्रस्ताव दिया। छात्रा ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि एचओडी उसके कपड़े और पसंदीदा रंगों पर भी गलत तरीके से टिप्पणी करते थे और मौका मिलने पर बैड टच करते थे। इन आरोपों पर विभाग के अन्य विद्यार्थियों द्वारा सीएमई को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सीएमई में किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं थी।




श्री ओ. पी. चौधरी
मान. मंत्री,
आवास एवं पर्यावरण, वित्त विभाग

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in
व्यावसायिक दुकान, हॉल, कार्यालय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
भवनों के लागत मूल्य में 30% तक छूट
ONLINE BOOKING ➡ BOOK PROPERTY ONLINE
बुकिंग राशि मात्र 5%

रायपुर, अरपा परिसर (कंचन जंगा के सामने) (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम तल दुकान क्र. 69 | 01 | 1433.23 | 32.09 | 23.19 |
| 2. | प्रथम तल दुकान क्र. 70 | 01 | 1054.48 | 23.64 | 17.09 |
| 3. | द्वितीय तल ऑफिस हॉल क्र. 02 | 01 | 1628.20 | 25.38 | 18.49 |
| 4. | द्वितीय तल ऑफिस हॉल क्र. 09 | 01 | 1770.34 | 27.58 | 20.09 |

सम्पर्क करें : 9424209026, 9827945949, 9406486774, 9827985143, 8358027617

रायपुर, सिरपुर परिसर (कामर्सियल कॉम्पलेक्स, रिंग रोड) (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑफिस हॉल (प्रथम तल) क्र. 01 | 01 | 640.43 | 22.68 | 16.30 |
| 2. | ऑफिस हॉल (प्रथम तल) क्र. 04,07 | 02 | 423.51 | 15.06 | 10.84 |

सम्पर्क करें : 9424209026, 9827945949, 9406486774, 9827985143, 8358027617

रायपुर, कामर्शियल काम्पलेक्स दीनदयाल आवास योजना सेक्टर-05, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम तल ऑफिस हाल क्र. 01 | 01 | 1028.65 | 27.43 | 20.23 |
| 2. | द्वितीय तल ऑफिस हाल क्र. 02 | 01 | 1028.65 | 27.43 | 20.23 |
| 3. | प्रथम तल ऑफिस हाल क्र. 01 | 01 | 676.80 | 18.27 | 13.53 |
| 4. | द्वितीय तल ऑफिस हाल क्र. 02 | 01 | 676.80 | 18.27 | 13.53 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

रायपुर, कामर्शियल काम्पलेक्स दीनदयाल आवास योजना सेक्टर-07, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भूतल दुकान क्र. 2,3,6,7,10 | 05 | 165.27 | 5.25 | 3.86 |
| 2. | भूतल दुकान क्र. 4,5,8,9 | 04 | 171.62 | 5.45 | 4.01 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

रायपुर, कामर्शियल काम्पलेक्स-01 दीनदयाल आवास योजना सेक्टर-08, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम तल ऑफिस हाल क्र. 01 | 01 | 997.88 | 31.97 | 23.36 |
| 2. | द्वितीय तल ऑफिस हाल क्र. 01 | 01 | 1245.79 | 34.53 | 25.26 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

रायपुर, कामर्शियल काम्पलेक्स-02 दीनदयाल आवास योजना सेक्टर-08, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भूतल दुकान क्र. 1 से 5, 7 से 9 | 08 | 129.12 | 6.99 | 5.10 |
| 2. | प्रथम तल ऑफिस हाल क्र. 01 | 01 | 883.28 | 28.32 | 20.70 |
| 3. | प्रथम तल ऑफिस हाल क्र. 02 | 01 | 1082.99 | 34.69 | 25.33 |
| 4. | द्वितीय तल ऑफिस हाल क्र. 01 | 01 | 1289.58 | 35.73 | 26.15 |
| 5. | द्वितीय तल ऑफिस हाल क्र. 02 | 01 | 1082.99 | 30.04 | 21.99 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

रायपुर, सड्डू सेक्टर-01,सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑफिस हाल क्र. 02 द्वितीय तल | 01 | 1332.94 | 34.88 | 25.55 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

रायपुर, सेक्टर-02, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑफिस हाल प्रथम तल क्र. 01 | 01 | 1064.27 | 27.89 | 20.43 |
| 2. | ऑफिस हाल द्वितीय तल क्र. 02 | 01 | 1064.27 | 27.89 | 20.43 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

रायपुर, सामान्य आवास योजना सेक्टर-08, सड्डू (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान प्रथम तल क्र. 02 | 01 | 626.87 | 18.18 | 13.30 |
| 2. | दुकान प्रथम तल क्र. 04 | 01 | 218.42 | 6.41 | 4.71 |
| 3. | दुकान प्रथम तल क्र. 05 | 01 | 259.85 | 7.61 | 5.59 |
| 4. | दुकान प्रथम तल क्र. 06 | 01 | 306.01 | 8.94 | 6.56 |
| 5. | दुकान प्रथम तल क्र. 09 | 01 | 248.55 | 7.28 | 5.35 |
| 6. | दुकान प्रथम तल क्र. 10 | 01 | 549.83 | 15.96 | 11.68 |
| 7. | दुकान भूतल क्र. 13 | 01 | 549.83 | 19.78 | 14.44 |

सम्पर्क करें : 9907840881, 9753266721, 9425249631, 8269069091, 7898710154, 9993339779

जगदलपुर, अघनपुर (30 प्रतिशत छूट)

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम तल दुकान क्र. 5,6,8 से 10 | 05 | 389.51 | 8.72 | 6.65 |
| 2. | प्रथम तल दुकान क्र. 2,3,11 से 13 | 05 | 337.43 | 7.86 | 6.00 |
| 3. | द्वितीय तल हॉल क्र. 02 | 01 | 1057.28 | 24.01 | 18.20 |
1.Bids will be opened at 3.30 pm and onward on the same day of submission.The details available in web site www.cspc.co.in→ CSPDCL→ may be downloaded and should be submitted 2. CSPDCL reserves the right to reject or cancel any or all the bids without assigning any reason there of. 3. Corrigendum, if any will be published only on website www.cspc.co.in. → CSPDCL→ O&M and notice board. 4.For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672 (EITC CSPDCL) (tenders.cspdcl@cspc.co.in) published.

**SAVE ELECTRICITY**
**SUPERINTENDING ENGINEER (CIRCLE) CSPDCL BILASPUR**

## किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर रेप, दस वर्ष कैद

रायपुर। कबीर नगर थाना क्षेत्र में तालाब में नहाती हुई किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रेप के आरोपी को कोर्ट ने 10 वर्ष कैद तथा तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम के फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के मुताबिक कोर्ट ने दिनेश कुमार सोनी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। किशोरी ने पांच फरवरी 2019 को दिनेश के खिलाफ थाने में ब्लैकमेल कर रेप करने की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक किशोरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि रिपोर्ट दर्ज कराने के एक माह पूर्व दिनेश ने तालाब में नहाते हुए उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। इसके बाद दिनेश ने किशोरी को वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप किया।

## वाटर वर्ल्ड रायपुरा सहित बड़े बकाएदारों से 24 लाख रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को वाटर वर्ल्ड रायपुरा के साथ अन्य एक व्यक्ति से बकाया राशि वसूली है। इनमें वाटर वर्ल्ड पर 19 लाख 45 हजार 240 रुपए बकाया था। बकाया राशि के लिए निगम ने कई बार उसे नोटिस भी जारी किया था, लेकिन इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी। इस मामले में टीम ने सख्ती दिखाते हुए राशि वसूल की। इसी प्रकार पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में भरत कुमार अग्रवाल पर 4 लाख 39 हजार 823 रुपए बकाया था। यह राशि भी वसूल की गई।

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी, नीलम सहारे, सहायक राजस्व निरीक्षक रत्नदीप करवाडे. सहित अन्य कर्मचारियों की टीम ने बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूल करने की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग कुल 23 लाख 85 हजार 63 रुपए की राशि वसूल चुका है। इसके पूर्व तक 10 लाख 29 हजार 201 रुपए की राशि वसूल की गई थी। इस तरह अभी तक कुल 34 लाख 14 हजार 264 रुपए राजस्व विभाग ने वसूला है।

## पीटी क्लासेस में नहीं हो पाई आई एक्सरसाइज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

ज्यादा टीवी और मोबाइल देखने की वजह से दृष्टि कमजोर कर रहे बच्चों की आई एक्सरसाइज की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। करीब डेढ़ साल पहले इस शिक्षा को पीटी क्लास में लागू करने की योजना पूरी नहीं हो पाई और स्कूलों में परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया। स्वास्थ्य विभाग की इस योजना को अब आने वाले शिक्षण सत्र में लागू करने की संभावना है।

अंधत्व निवारण अभियान के तहत स्कूलों में जांच कर चश्मा वितरण के बड़े आंकड़े को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पीटी क्लासेस में आंखों की एक्सरसाइज को भी जोड़ने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत बच्चों को टीवी, मोबाइल के ज्यादा उपयोग से होने वाली दिक्कतों की जानकारी देने के साथ आंखों को सुरक्षित रखने के लिए तरीके भी बताया जाना था। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी स्तर के अफसरों की इस योजना को उच्च स्तर पर मंजूरी दी गई। योजना के अनुसार सप्ताह में एक दिन यानी शनिवार को होने वाली पीटी क्लास में योगाभ्यास के जरिए आंखों की कसरत सिखाने की तैयारी थी। स्कूलों में इस योजना को लागू करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से भी सहमति मिल गई थी, मगर स्कूलों में क्लास लगाने की इस प्रक्रिया में इतना वक्त लग गया कि शिक्षण सत्र ही बीत गया।

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKASPRADHIKARAN**

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400

Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

**NIT No: 88/CAMC-Pumps-FF/CC/EE-E/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur, Dated: 28.02.2025**

**Name of Work:** "Comprehensive AMC of various pumps, Replacement of 1 set 15 KW Hydropneumatic Pump & Refilling of Fire Extinguishers, at buildings of Capitol Complex, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist- Raipur (C.G.)". (1st Call)

| Period of completion including rainy season | Estimated Cost (INR) | EMD (INR) |
|---|---|---|
| 12 Months | 74.75 Lakhs | 1,49,494.00 |

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on 21/03/2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

S.- 43050

Chief Engineer
NRANVP

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI GODAVARI BASIN RAIPUR (C.G.)**

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
CORRIGENDUM No-01

In System Tender 164130/NIT No.: 11/SAC/2024-25, Balod, Dated: 14.01.2025 Whose G-Number is 242505332 dated 16.01.2025 following amendments are made :-

| S.N. | Amendments |
|---|---|
| 1. | Bid Start Date and Time: 05.03.2025, 17:31 Hours |
| 2. | Online Tenders are invited up to 19.03.2025at 17.30 Hour |
| 3 | Bid Open Start Date and time: 20.03.2025, 11:30 Hours |

Note:- All other terms and conditions will remain be unchanged.

G-242505635/2

Executive Engineer
Water Resources Division, Balod (C.G.)
For, Chief Engineer, Mahanadi Godavari Basin Raipur (C.G.)

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925



JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?



वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य करने हेतु तीन कुक वेज/ नॉनवेज, दो तन्दूर मास्टर, दो हेल्फर, वेटर होटल स्टाफ की आवश्यकता है पता- ढाबा देशी तड़का उसलापुर बिलासपुर 9300659187 (व्हाट्सएप करें) (36990)

**आवश्यकता है**-घर के कार्य हेतु अनुभवी महिला/ युवती चाहिए (जो घर के सभी कार्य कर सके) वेतन 6000 से 10000 कॉल करने का समय सुबह 8 से 11बजे सम्पर्क करें- 9977416604 (36991)

**आवश्यकता है**-सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, एचआर एवं बिजनेस डेवलपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 99776 49371 (36976)

**आवश्यकता है**-सायकल दुकान में कार्य करने हेतु सेल्सगर्ल एवं टैली आपरेटर की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- शरन सायकल एंड फिटनेस वसंत विहार कालोनी के पास, सीपत रोड बिलासपुर 9827165670 (36980)

**आवश्यकता है**-अंकुर डेली नीड्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकुर डेली नीड्स भाटिया पेट्रोल पम्प के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8085813131 (36983)

**आवश्यकता है**-घर पर रहकर हमारे घर में घरेलू काम करने के लिए लड़का या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 96692 11111, 9827175811 (36984)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर एवं रायपुर में घर काम करने हेतु लड़की एवं महिला की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा मुफ्त रहेगी। वेतन 10000 से 12000 प्रति माह सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 (36969)

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, लेडीगार्ड, मार्केटिंग अधिकारी योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5'7" वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क- Alert SGS Private Limited, 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 7746000016, 87200 05500 (3160)

**आवश्यकता है**-काव्या इंटरप्राइजेस में टेलीकॉलिंग, ऑफिस एवं फील्ड कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- HDFC बैंक के सामने मेन रोड तोरवा बिलासपुर 6268047695, 7509347230 (36971)

**आवश्यकता है**-पेट्रोल पम्प में ड्राइवर, पम्प ऑपरेटर, मैनेजर सफाई कर्मी, चौकीदार एवं अन्य कर्मचारियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- जियो बीपी मंदिर चौक बिलासपुर 9201205677 (36966)

**आवश्यकता है**-स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु पार्ट टाइम लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करे- भाटिया इंटरप्राइजेज नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (36982)

**आवश्यकता है**-सफाई कर्मचारी, रिसेप्शन के लिए अनुभवी व्यक्ति, कुक एवं हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- होटल शिवनेरी सीएमडी कालेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7776864202 (36962)

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग शोरूम में कार्य करने हेतु 90 लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार शोरूम में सम्पर्क करें- अर्बन लिविंग, स्विमिंग पूल के सामने, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 81090 90000, 8319397645 (36985)

**आवश्यकता है**-मंत्रा इलेक्ट्रीक ऑटो शोरूम में निम्न पदों की आवश्यकता है सेल्समैन-5, मैकेनिक-5, ड्राइवर-2, हेल्पर-5 सम्पर्क करें- 9039140362, 73891 45700, 7898869370, 9303555032 (36978)

**आवश्यकता है**-दुकान में कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति तुरन्त सम्पर्क करें-कॉसमॉस क्रॉकरी सेन्टर जगदीश लॉज के बाजू में सदर बाजार बिलासपुर 7089315253 (36973)

**आवश्यकता है**- थोक जूता चप्पल दुकान में काम करने हेतु जेंट्स तथा लेडीज सेल्समेन्स मेहनती स्टॉफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार दिया जाएगा सम्पर्क करें- 70009 41144 (36977)

**आवश्यकता है**-एक शिक्षित व्यक्ति की आवश्यकता है जो 2-3 घंटे 5 वर्षीय बालक को पढ़ाने एवं गतिविधी हेतु सक्षम हो सम्पर्क करें- 78802 41761, 9425219432 वेतन योग्यता अनुसार (36964)

**आवश्यकता है**-आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप में लड़के, लड़कियां चाहिए। लड़कों के लिए आवास सुविधा वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- फैशन परेड, हनुमान मंदिर के सामने देवकीनंदन चौक, बिलासपुर 9827462467, 9300612477 (36972)

**आवश्यकता है**-हार्डवेयर एवं लोहा दुकान में कार्य हेतु अनुभवी लड़का चाहिए (कार चलाना जानता हो) बायोडाटा सहित शाम 4बजे के बाद सम्पर्क करें बालाजी सेल्स कार्पोरेशन, मंगला चौक बिलासपुर 9827152999, 6263256324 (36955)

**आवश्यकता है**-एक प्रशिक्षित पढ़ा लिखा सेल्समैन चाहिए जिसे मार्केटिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें- 12 से 1बजे तक हरपालदास एण्ड सन्स सोनथलिया एजेन्सी के सामने, जोन-2 व्यापार विहार बिलासपुर 7509012125, 9993810000 (36953)

**आवश्यकता है**-हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु नर्स (BSc नर्सिंग) टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर मार्केटिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शाम 5 से 7बजे तक सांईंबाबा हॉस्पिटल रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 9827150429 (36949)

**आवश्यकता है**-नर्सिंग स्टाफ (BSc नर्सिंग GNM) OT टेक्नीशियन, X-Ray टेक्नीशियन, PRO, कुक, ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- मूंदड़ा हॉस्पिटल, गंगा नगर फेस-2 बिलासपुर 8349054531 (36950)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है एक्सपीरियंस, टैली के नॉलेज के साथ बेसिक जानकारी भी हो सम्पर्क करें- एक्सपर्ट सिक्योरिटी सर्विस, साईं धाम, जेजे हॉस्पिटल के पास, तोरवा बिलासपुर 8253010291 (36951)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर विनोबा नगर, तिफरा बोदरी, चकरभाठा, बेलमुण्डी हेतु सुरक्षागार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार तीन फोटो आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 77738 95202, 8109314893 (36959)

**आवश्यकता है**-घर की साफ सफाई हेतु महिला की आवश्यकता है। समय सुबह 9 से दोपहर 2 (5घंटे) वेतन 200 से 250/- रोजी सम्पर्क- रामा वर्ल्ड, सिरगिट्टी मोड़, रायपुर रोड, बिलासपुर, 93406 00776 (36961)

**आवश्यकता है**-एक अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है जो जीएसटी टैली का काम जानता हो सम्पर्क करें- सीए अरुण अग्रवाल मेन रोड विद्या नगर बिलासपुर 9329193601 (36963)

**आवश्यकता है**-क्लासिक आईस वर्ल्ड में पिकअप, कार चलाने हेतु अनुभवी दो ड्राइवर एवं सप्लाई हेतु दो युवक की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें-लक्ष्मी निवास के सामने, लोधीपारा सरकंडा, बिलासपुर 9827158819 (36948)

**आवश्यकता है**-Hp world बिलासपुर में सेल एवं सर्विस के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करे- 9300803301 (36968)

**आवश्यकता है**-पति पत्नी एक साथ (परिवार वाले) काम करने वाले लेबर की आवश्यकता है बिलासपुर में रह कर काम करना है फेक्ट्री में सम्पर्क करें- 9425272222 (36957)

**आवश्यकता है**-नल, पाइप फिटिंग सैनिटरी के थोक दुकान में काम करने हेतु अनुभवी फील्ड सेल्समैन एवं लड़के चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- गीता ट्रेडर्स, काली मंदिर के पास, तिफरा 9179017779, 97523 17779 (36960)

**आवश्यकता है**-शैल वस्त्रालय में अनुभवी सेल्समैन सेल्सगर्ल मेन्स एण्ड वुमैन वियर हेतु- 4, हेल्पर- 4, फोल्डर- 2, अटेंडर- 1 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शैल वस्त्रालय, मेन रोड सत्यम चौक के पास, मसानगंज बिलासपुर 9238107105, 9238107108 (36956)

**आवश्यकता है**-चश्मा शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन चाहिए वेतन 8000 से 15000 योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- गुरुनानक चश्मा राजीव प्लाजा जिला चिकित्सालय के सामने पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर (36945)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ अम्बे रेडीमेड लैण्डमार्क काम्प्लेक्स के सामने करबला रोड बिलासपुर 8959395941 (36954)

**आवश्यकता है**-सुरक्षा एजेंसी में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड संपर्क करें- कार्य स्थल कार का शो रूम बजाज शो रूम एवं मैरिज रिसॉर्ट संपर्क -9981630084, 94255 34940 (3339)

**आवश्यकता है**-यूटीएन शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं.-16, फर्स्ट फ्लोर सीएसी. प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790, 07752-491771 (36909)

**आवश्यकता है**-कृषि भूमि सर्वे कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान एवं स्वयं का मोटर साइकिल होना आवश्यक है बायोडाटा सहित 70008 67969 पर अपना डिटेल भेजें (36946)

**आवश्यकता है**-मोबाइल दुकान मे काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (36944)

**आवश्यकता है**-वन विभाग तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या 975 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, सिपाही, ड्राइवर, वेतन- 27500 से 52400 तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, मार्क शीट, पैन कार्ड व्हाट्सएप करे- 7460994309 (701)

**आवश्यकता है**-चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों और लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 (6230)

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8981475043, 74397 36348 (704)

**आवश्यकता है**-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 (1380)

**आवश्यकता है**- छत्तीसगढ़ के हर जिलों में ड्राइवरों की आवश्यकता है एवं पार्ट टाईम फुल टाईम काम करने वाले लड़को की भी आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें 9202875080 (3340)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष तक सैलरी 5000+ कमीशन बोनस सम्पर्क करें- 8085106943 (3338)

**आवश्यकता है**- लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी के लिए पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 12000+ भत्ता (अनुभव के अनुसार) सम्पर्क करें- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 9300734341 (36979)

**आवश्यकता है**-मेडीकल एजेन्सी में सेल्समैन, पेमेन्ट कलेक्शन, टेलीकॉलर, पैकिंग कार्य आदि हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी, फ्रेशर सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट, 19, मेडिकल काम्प्लेक्स, केमिस्ट भवन के पास, बिलासपुर (36942)

**आवश्यकता है**-होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट वेटर, सफाई कर्मचारी, कुक/ शेफ किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट, मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- होटल अपना केसरी होटल शिव-प्रभा, पावर हाऊस भिलाई 9893215251, 8966981590 (690)

**आवश्यकता है**-अप्रेंटिसशिप अवसर भिलाई के एक प्रतिष्ठित निजी उद्योग में 25 अप्रेंटिस पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है कार्यकाल 1 वर्ष (कॉन्ट्रैक्ट आधारित) रहेगा स्टाइपेंड 9000- 10000 प्रति माह योग्यता डिप्लोमा इंजीनियर, ITI मशीनिस्ट, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, फाउंड्री बी.कॉम., बी. एस. सी. केवल 2023-24-25 में उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। संपर्क करें: - 94060 82834 Email- hrdept. bhilai123@gmail.com (6239)

**आवश्यकता है**-छोटा हाथी टाटा एस चलाने के लिए दो ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शारदा एजेन्सी दीनदयाल गार्डन के सामने व्यापार विहार बिलासपुर 9926124555, 70677 77789 (36796)

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- टैंगो सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड ऑफिस 603 ऑरेंज हाइव 6th फ्लोर मोवा रायपुर 8109070600, 78692 30888 (2476)

**आवश्यकता है**- टेली कॉलिंग हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 10वीं पास सैलरी+कमीशन +बोनस पता= लिंक रोड अग्रसेन चौक के पास बिलासपुर मो. 96910 77324, 6261423967 (706)

**आवश्यकता है**-सीमेंट मार्केटिंग एवं बिजनेस बढ़ाने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है न्यूनतम अनुभव 3वर्ष, आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। शीघ्र सम्पर्क करें- मीनाक्षी सेल्स, पुराना हाईकोर्ट के सामने, बिलासपुर 9754002100 (36865)

**आवश्यकता है**-नौकरी का अवसर सिविल साइट सुपरवाइजर मुख्य जिम्मेदारिया साइट संचालन की निगरानी, प्रबंधन गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना, ठेकेदारों, श्रमिकों के साथ समन्वय करना, परियोजना की प्रगति पर नजर रखना,प्रबंधन को रिपोर्ट करना योग्यता निर्माण साइट सुपरविजन का अनुभव मजबूत नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल निर्माण सामग्री, सुरक्षा प्रोटोकॉल का ज्ञान स्थान सरकंडा बिलासपुर अभी आवेदन करें-79700 10958 (3336)

**आवश्यकता है**-ऑफिस टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 8000 से 10000 प्रति महीना शीघ्र सम्पर्क करें- बिलासपुर 8085899216 (3337)

## बेचना है

**बेचना है**-रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर न्यू एयरपोर्ट रोड, बोदरी में 50×200= 10000 वर्गफीट व्यवसायिक डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल सहित प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 93003 10774 (36975)

**बेचना है**- नेहरू चौक से 320 मीटर दूर स्थित इंजीनियर कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान शीघ्र बेचना है कीमत 72 लाख, खरीददार ही सम्पर्क करे-9039777760 (36989)

**बेचना है**-बिलासपुर में श्रीराम टावर व्यापार विहार के प्रथम तल एफ ब्लॉक में 1500 वर्गफुट का हॉल/ ऑफिस मार्बल लगा हुआ दो बाथरूम अटेच, लिफ्ट सुविधा के साथ बेचना है सम्पर्क करें- 9425219078 (36941)

**बेचना है**-नेहरू नगर प्राईम लोकेशन अर्चना विहार के पास दो मंजिला 3BHK स्वतंत्र पूर्व दिशा मकान एवं सकरी NH से लगा T&C कालोनी में प्लाट एवं 2BHK नवनिर्मित स्वतंत्र मकान बेचना है। सम्पर्क- घोष एसोसिएट्स 9425220523, 9827875257 (36967)

**बेचना है**-बिलासपुर में गोकुल धाम में सर्वसुविधायुक्त 2BHK, 25×40= 1000 वर्गफीट में बना हुआ नवनिर्मित मकान 28 लाख रुपए में बेचना है। सम्पर्क करें- 93402 52857 (36988)

**बेचना है**-बिलासपुर गोल्डन पार्क T&C कॉलोनी हाईकोर्ट से लगा 1820 वर्गफीट जमीन एवं मकान भारतीय नगर माधव तालाब के पास 2236 वर्गफीट में बना डबल स्टोरी बेचना है सम्पर्क करें- 9425228826 (36974)

## किराया

**किराया**-VR Plaza Link Road में First Floor में 250 वर्गफुट शानदार आफिस किराये से देना है सम्पर्क करें- 7412933333 (36987)

**किराया**-विद्यानगर में 2BHK फर्निश्ड फ्लैट्स एवं दो सेमी फर्निश्ड फ्लैट किराये से देना है। केवल शाकाहारी परिवार ही सम्पर्क करें- 9884910066, 9425531853, 98266 77042 (36981)

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रति माह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट सम्पर्क करें-APS इंटरप्राईजेस रायपुर- 9111760925, 7477221345, बिलासपुर- 8359913999, 95892 88936 रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871 (3194)

Medicare Specialists

चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग
यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।
रस-रसायन अर्थात आयुर्वेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।
(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस, जोड़ो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रुबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक)
(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# इंटरनेशनल मास्टर लीग: सचिन-लारा के बीच 8 को होगी भिड़ंत, 500 रुपए में मिलेगा सबसे सस्ता टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंटरनेशनल मास्टर लीग का आगाज मुंबई से हो चुका है। इस बार 6 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच राजधानी के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। इस लीग में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे।

रायपुर में कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखना का मौका मिलेगा। मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। बता दें कि लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर का चयन किया गया है।

- लीग के 7 मैच रायपुर में खेले जाएंगे, इंडिया का एक ही मैच होगा
- रायपुर में होंगे दो सेमीफाइनल और फाइनल






## पहले दिन महंगी टिकटों की बिक्री

क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं। स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है, और इसके लिए दो ब्लॉक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं। वहीं, लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये है, गोल्ड टिकट की कीमत 6000 रुपये, प्लेटिनियम टिकट 8000 रुपये और कॉर्पोरेट बॉक्स टिकट 10,000 रुपये रखी गई है। केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट की कीमत भी काफी महंगी है। बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है, जो कि काफी सस्ती मानी जा रही है।

## 7 मार्च को रायपुर में आएंगे खिलाड़ी

लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है। ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकता है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा। 7 मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और शाम या सुबह के समय मैदान में अभ्यास करेंगे। मैच 7:30 बजे से शुरू होगा, और इस मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फाइनल के लिए क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## इस दिन होंगे मैच

| | |
|---|---|
| 8 मार्च : | इंडिया मास्टर्स बनाम वेस्टइंडीज मास्टर्स |
| 10 मार्च : | श्रीलंका मास्टर्स बनाम इंग्लैंड मास्टर्स |
| 11 मार्च : | वेस्टइंडीज मास्टर्स बनाम दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स |
| 12 मार्च : | इंग्लैंड मास्टर्स बनाम ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स |
| 13 मार्च | : सेमीफाइनल 1 |
| 14 मार्च | : सेमीफाइनल 2 |
| 16 मार्च | : फाइनल |

रायपुर आएंगी ये टीमें

| | |
|---|---|
| इंडिया मास्टर्स | : सचिन तेंदुलकर |
| ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स | : शेन वॉटसन |
| इंग्लैंड मास्टर्स | : इयोन मोर्गन |
| श्रीलंका मास्टर्स | : कुमार संगकारा |
| वेस्टइंडीज मास्टर्स | : ब्रायन लारा |
| साउथ अफ्रीका मास्टर्स | : जैक्स कैलिस |

## खबर संक्षेप



### आरसीबी के सामने अब दिल्ली की कड़ी चुनौती

**बेंगलुरु।** अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में पराजय का कड़वा घूंट पीने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को अब महिला प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। गत चैंपियन आरसीबी ने वड़ोदरा में खेले गए अपने पहले दो मैच में जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद जब टूर्नामेंट का दूसरा चरण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने लगा तो उसे उम्मीद के विपरीत तीन मैच में हार झेलनी पड़ी। इनमें यूपी वारियर्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार भी शामिल है।

### आईपीएल के दौरान ही खेली जाएगी पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां टूर्नामेंट 11 अप्रैल से शुरू होगा। पहला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड और दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें दो एलिमिनेटर और 18 मई को होने वाला फाइनल शामिल है। पीएसएल कार्यक्रम की पुष्टि का मतलब है कि इसका आयोजन अधिक आकर्षक और धनाढ्य लीग इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान किया जाएगा।

### जिज्प के साथ अभ्यास से मिला फायदा

**नई दिल्ली।** विश्व कप 1990 चैंपियन नीदरलैंड के साइमन जिज्प के साथ भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से ठीक पहले सप्ताह भर के गोलकीपिंग शिविर से भारतीय महिला टीम को बेहतर प्रदर्शन में काफी मदद मिली। शिविर में अनुभवी सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबाम और युवा बांसरी सोलंकी ने भाग लिया जिसमें फोकस तकनीकी कौशल, मैच जागरुकता और मानसिक अनुकूलन पर था। साइमन नीदरलैंड की महिला और पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं। वह 2016 , 2020 और 2024 ओलंपिक में गोलकीपिंग कोच थे जब नीदरलैंड ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया।



### यूटीटी का छठा सत्र 29 मई से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** भारत में टेबल टेनिस की प्रमुख लीग अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र का आयोजन 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद में किया जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोजकों के अनुसार पहली बार अहमदाबाद में आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता अत्याधुनिक ईकेए एरिना में खेली जाएगी। यह वही स्थान है जहां 2016 में कबड्डी विश्व कप और 2019 में इंटरकांटिनेंटल कप (फुटबॉल) का आयोजन किया गया था।

## चैंपियंस ट्रॉफी : बारिश के कारण मैच धुला, दोनों टीमों को मिले 1-1 अंक

# सेमीफाइनल में पहुंचा आस्ट्रेलिया अफगानिस्तान के खिलाफ मैच रद्द

एजेंसी ▶▶ लाहौर

अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी का अहम मुकाबला बारिश के कारण शुक्रवार को रद्द होने के बाद आस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच उस समय बारिश के कारण रोकना पड़ा जब 274 रन के लक्ष्य के जवाब में आस्ट्रेलिया ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 109 रन बना लिए थे। मैदानकर्मियों की तमाम कोशिशों के बावजूद पिच पर कई जगह पानी भर गया था जिसे देखकर अंपायरों ने मुआयने के बाद मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच पूरा करने के कटआफ समय से एक घंटा पहले बारिश आ गई थी।

- अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी
- सेदिकुल्लाह अटल ने खेली 85 रन की पारी

आस्ट्रेलिया ने चार अंक लेकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में उसका पिछला मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश के समय ट्रेविस हेड 40 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्हें छह के स्कोर पर फजलहक फारुकी की गेंद पर मिडआन में राशिद खान ने जीवनदान भी दिया जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। दूसरे छोर पर कप्तान स्टीव स्मिथ ने 22 गेंद में 19 रन बनाए थे।



### मुफ्त में दे दिए 37 रन

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 एक्स्ट्रा रन दे दिए। स्पेंसर जॉनसन, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट ने वाइड बॉल कीं। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज का खाता नहीं खुला। वहीं रहमत शाह ने 12, मोहम्मद नबी ने 1, गुलबदीन नायब ने 4 और नूर अहमद ने 6 रन बनाए। ये 5 बल्लेबाज मिलकर 23 रन ही बना पाए। दूसरी ओर टीम को 37 रन मुफ्त में मिल गए।

### एक पारी में अतिरिक्त रन

| रन | टीम | खिलाफ | शहर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 42 | भारत | केन्या | द रोज बाउल | 2004 |
| 38 | नीदरलैंड | श्रीलंका | कोलंबो | 2002 |
| 37 | ऑस्ट्रेलिया | अफगानिस्तान | लाहौर | 2025 |
| 36 | श्रीलंका | बांग्लादेश | मोहाली | 2006 |
| 36 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | जोहान्सबर्ग | 2009 |

### अफगानिस्तान की उम्मीदें कम

अब अफगानिस्तान के अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें कम ही रह गई है। उसे दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। अगर दक्षिण अफ्रीका जीतता है तो ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। इंग्लैंड के जीतने पर दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के तीन तीन अंक होंगे जिससे बात नेट रनरेट पर आ जाएगी। अफगानिस्तान का नेट रनरेट अभी माइनस 0.99 है और वह तभी बाहर होने से बच सकता है जब दक्षिण अफ्रीका 200 रन से अधिक के अंतर से हार जाए।

### दो शानदार अर्धशतक

सेदिकुल्लाह अटल के 85 रन और अजमतुल्लाह उमरजइ के 67 रन की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 273 रन बनाए। अटल ने धीमी शुरुआत के बाद पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई जबकि उमरजइ ने आखिर में आक्रामक पारी खेलकर अफगानिस्तान को 270 रन के पार पहुंचाया जबकि एक समय उसके आठ विकेट 235 रन पर गिर गए थे। उमरजइ ने 63 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और एक चौका लगाया।

## टेनिस

# सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर के नामांकन से हटाया




एजेंसी ▶▶ लंदन

विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है। इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्ज़पैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया। फिट्ज़पैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।' पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।

## टालोन दुबई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**दुबई।** टालोन ग्रिक्सपुर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के खिलाफ चार मैच प्वाइंट बचाकर 2-6, 7-6 (7), 7-5 से जीत दर्ज करके दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रिक्सपुर ने पहले दौर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाकर रोमन सफीउलिन को हराया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को गत चैंपियन उगो हम्बर्ट को बाहर का रास्ता दिखाया था। ग्रिक्सपुर का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। सिटसिपास ने माटेओ बेरेटिनी को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में फ़ेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-4, 3-6, 6-2 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला हराकर क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से होगा, जिन्होंने लुका नारडी को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया।

## शुभमन गिल उपलब्ध, विश्राम के दिन अकेले किया अभ्यास

**दबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की अटकलों पर विराम लगाते हुए भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल गुरुवार को प्रशिक्षण के लिए आधिकारिक विश्राम के दिन कुछ सहयोगी स्टाफ के साथ अभ्यास के लिए आईसीसी क्रिकेट अकादमी आए। गिल बुधवार को अभ्यास छोड़ने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। उन्होंने विशेषज्ञों और यूएई के नेट गेंदबाजों के थ्रो-डाउन के साथ दो घंटे तक मेहनत की। गिल ने बुधवार को भारतीय टीम के साथ अभ्यास नहीं किया था जिसके बाद उनकी उपलब्धता पर कयास लगाए जा रहे थे। बीसीसीआई प्रबंधन ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह ठीक हैं और आराम के लिए एक दिन की छुट्टी ले रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में लगभग 300 रन बनाने के बाद गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था। भारत को अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। यह मुकाबला दो मार्च को दुबई में खेला जाएगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए इस वजह से महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे टेबल टॉपर तय हो जाएगा। दोनों ही टीमें इसके लिए जमकर तैयारी कर रही हैं। पाकिस्तान पर जीत के बाद बुधवार को गिल को छोड़कर भारतीय खिलाड़ियों ने पहली बार आईसीसी अकादमी में ट्रेनिंग में हिस्सा लिया।

# सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ कराची

दक्षिण अफ्रीका अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में संघर्षरत इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा।

ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान इस दौड़ में शामिल हैं। अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। दूसरी तरफ इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी में जो रूट पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम बारिश से प्रभावित टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेल पाई है जिसमें उसने अफगानिस्तान को 107 रन के बड़े अंतर से हराया था।



## विदर्भ ने बनाई 37 रन की बढ़त, केरल के सचिन शतक से चूके

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 के फाइनल में केरल की टीम का सामना विदर्भ से हो रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन का खेल अब समाप्त हो चुका है। आदित्य सरवटे की 79 रन की पारी और सचिन बेबी के 98 रन के दम पर केरल की टीम ने विदर्भ की टीम का डटकर सामना किया।

तीसरे दिन स्टंप्स तक केरल की टीम 342 रन पर ऑलआउट हो गई। सचिन बेबी अपने शतकीय पारी से महज 2 रन से चूके। इससे पहले विदर्भ की टीम ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। अब केरल की टीम पहली पारी में विदर्भ से 37 रन पीछे हैं। दरअसल, केरल की टीम की तरफ से सचिन बेबी शानदार बैटिंग कर रहे थे, लेकिन तीसरे दिन के खेल में जब वह 98 रन पर बैटिंग कर रहे थे तब वह करुण नायर के हाथों कैच आउट हो गए।

### हर्ष ने कई दिग्गजों का रिकॉर्ड किया चूर

केरल की पहली पारी में हर्ष ने 44 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान वह काफी किफायती भी रहे। हर्ष ने 2 की इकोनॉमी से 44 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इसके साथ ही वह रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने कई दिग्गजों का रिकॉर्ड चूर कर दिया है। मौजूदा सीजन में हर्ष ने अब तक 69 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जयदेव उनादकट, डोडा गणेश और बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जयदेव उनादकट ने 2019/20 सीजन में 67 विकेट चटकाए थे। बिशन सिंह बेदी ने 1974/75 सीजन में 64 सफलताएं प्राप्त की थीं। वहीं डोडा गणेश ने 1998/99 में 62 शिकार किए थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्र. 22/न.पा.नि./जल विभाग/2024-25 दिनांक 28/02/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 01/04/2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | एम एस पेनल बाक्स प्रदाय कार्य | 9.47 |
| 2 | पाईप लाईन तथा हेण्ड पंप मरम्मत हेतु टुल्स प्रदाय कार्य | 9.81 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
E-mail:corporationraigarh@gmail.com Phone No:- 07762-222911

क्रमांक /3816/ अभि.वि./न.पा.नि./ 2025 रायगढ़, दिनांक 28.02.2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़ हेतु स्टेशनरी/मुद्रण कार्य /जलपान व्यवस्था/फ्लैग्स बैनर प्रिंटिंग प्रदाय कार्य वार्षिक 2025-26 हेतु निविदा सूचना आमंत्रण पंजीकृत फर्म/विक्रेताओं/प्रदायकताओं से निविदा प्रपत्र ''स'' नगर पालिक निगम रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 24.03.25 अपरान्ह 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट रजिस्टर डाक के माध्यम से निविदाएं त्रिलिफाफा पद्धती से आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदाएं दिनांक 24.03.25 अपरान्ह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकरों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेंगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेशनरी कार्य | 4.00 | 12000 | 750 |
| 2 | मुद्रण/ छपाई कार्य | 3.00 | 9000 | 750 |
| 3 | भोजन/नास्ता/चाय/पानी बोटल प्रदाय | 5.00 | 15000 | 750 |
| 4 | फ्लैक्स बैनर प्रिंटिंग कार्य | 10.00 | 30000 | 750 |

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

**COLLEGE OF AGRICULTURE AND RESEARCH STATION, JANJGIR-CHAMPA (C.G.)**
कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, जांजगीर-चांपा (छ.ग.) 495668
**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA**
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
Mobile No.- 9424282372 Email.janjgircoa@gmail.com

No./CARS,JC/Acad./2024-25/861 Janjgir-Champa, Date: 28/02/2025

**WALK-IN-INTERVIEW**

Interested eligible candidates are invited to appear in a Walk-in-Interview for Guest/Part Time Teacher on contractual basis in the different disciplines of Agriculture. 1. Agriculture Economics (01), 2. Genetics and Plant Breeding (01), 3. Agriculture Statistics (01), Livestock Production and Management (LPM) (01) Agriculture Engineering (FMP) (01)

Last Date and time for submission of Application Form- 11 March 2025 (Before 05:00 PM) to the office of the Dean, College of Agriculture and Research Station, Janjgir-Champa.registered post or by hand.

Date & Venue of Interview: 17/03/2025 and Office of the Dean, College of Agriculture Raipur (C.G)

Detail information regarding Qualification, Application For, Pay and other terms and conditions can be seen on College Notice Board and Universite Website www.igkv.ac.in

DEAN



# तीन दिनों तक क्यों बंद रहते हैं मां कामाख्या मंदिर के कपाट? जानें इसका रहस्य

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

भारत मंदिरों का देश है जहां पर कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका अपना एक गौरवशाली इतिहास है। ये मंदिर प्राचीन होने के साथ ही चमत्कारी हैं और रहस्य से भरे हुए भी हैं। इन मंदिरों की महिमा बहुत निराली है, लेकिन इनके रहस्यों से पर्दा आज तक कोई नहीं उठा पाया है। ऐसा ही एक रहस्यमयी मंदिर असम के गुवाहाटी में स्थित है। इस मंदिर को लोग कामाख्या देवी के नाम से जानते हैं। ये मंदिर देवी के 51 शक्तिपीठों में शामिल है।

### ब्रह्मपुत्र नदी का जल हो जाता है लाल

दरअसल, असम में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी का जल तीन दिनों तक लाल हो जाता है, धार्मिक मान्यता है कि माता कामाख्या तीन दिनों तक रजस्वला होती हैं। इसी दौरान ब्रह्मपुत्र नदी का जल पूरी तरह से लाल हो जाता है। इस दौरान मंदिर के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। इस समय मंदिर में किसी को भी जाने की इजाजत नहीं दी जाती है। हालांकि, तीन दिनों के बाद भक्त माता के दर्शन बिना बाधा के कर सकते हैं। कामाख्या माता के मंदिर में भक्तों को एक विशेष प्रसाद बांटा जाता है। मां के राजस्वला रहने के दौरान उनके दरबार में एक सफेद कपड़ा रख दिया जाता है। जब तीन दिन बाद मंदिर के कपाट खोले जाते हैं, तो ये कपड़ा लाल हो चुका होता है। इसे ही भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है।



### मान्यताओं के अनुसार

लोगों के मन में कामाख्या देवी मंदिर के प्रति बड़ी आस्था है। मान्यताओं के अनुसार, जो भी इस मंदिर में एक बार मां कामाख्या के दर्शन कर लेता है, उसके सारे पाप धुल जाते हैं। यह मंदिर अघोरियों और तांत्रिकों का गढ़ भी कहा जाता है। यहां दूर-दूर से अघोरी और तांत्रिक आते हैं। आज हम आपको इस मंदिर से जुड़े कुछ रहस्यों के बारे में बताएंगे, जिन्हें जानकर आप हैरत में पड़ सकते हैं।

### मंदिर में माता की प्रतिमा नहीं, दिव्य कुंड है

कामाख्या देवी मंदिर में माता की प्रतिमा नहीं है, बल्कि यहां एक दिव्य कुंड है। ये कुंड हमेशा फूलों से ढका रहता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, ये जो कुंड है वो देवी सती की योनी का एक भाग है। बताया जाता है इस कुंड से जल का रिसाव होता है। मान्यता ये भी है कि इस मंदिर के तीन बार दर्शन करने वाला व्यक्ति संसार की सभी मोह माया से दूर हो जाता है।

---

**27 साल के फोटोग्राफर स्टारमैन ने रचा इतिहास**

# आसमान में 7 ग्रहों का दुर्लभ 'मिलन' ग्रेट प्लेनेटरी परेड की पहली तस्वीर

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

आसमान में प्लेनेट परेड यानी ग्रहों के एक लाइन में आने की दुर्लभ घटना को कैमरे में कैद किया गया है। स्टारमैन के नाम से मशहूर 27 साल के फोटोग्राफर जोश ड्यूरी ने एक ही फ्रेम में पृथ्वी समेत सभी सात ग्रहों की पहली तस्वीर खींची है। यह दुर्लभ खगोलीय घटना ग्रेट प्लेनेटरी परेड की वजह से मुमकिन हो सकी है। ये एक ऐसी घटना है, जिसमें सभी आठ ग्रह एक सीध में आ जाते हैं। साल 1982 यानी चार दशक से भी ज्यादा समय बाद ये ग्रह आसमान में एक सीध में आए हैं। फोटोग्राफर ड्यूरी ने 22 फरवरी को समरसेट के मेन्डिप हिल्स से प्लेनेट परेड की तस्वीर लेकर इतिहास रचा है।




### खास तकनीक का किया इस्तेमाल

जोश ड्यूरी ने बुध, शनि और नेप्च्यून जैसे मुश्किल से दिखने वाले ग्रहों को कैप्चर करने के लिए खास तकनीक का इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने कई पैन्स को जोड़कर एक पैनोरमिक इमेज बनाई। इन तीन ग्रहों वाले पैन्स के लिए उन्होंने दो अलग एक्सपोजर का इस्तेमाल किया। एक सामान्य एक्सपोजर जबकि दूसरा बढ़े हुए एक्सपोजर इस्तेमाल किया ताकि धुंधले ग्रहों से हल्की रोशनी भी कैप्चर हो सके। ग्रहों की स्थिति की पुष्टि के लिए उन्होंने प्लेन स्फेयर मैप्स से तुलना की।

### मुश्किल से दिखने वाले ग्रहों को किया कैप्चर

ड्यूरी ने कहा, 'मैंने सात ग्रहों की एक पैनोरमा तस्वीर ली, जिसे प्लेनेटरी परेड कहते हैं। यह नौ तस्वीरों से बनी है, जिसमें शनि, बुध और नेप्च्यून दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें देख पाना मुश्किल है। मैंने इनकी लोकेशन जानने के लिए इमेज एनालिसिस और एस्ट्रोनॉमी ऐप का इस्तेमाल किया। यह वाइड-एंगल लेंस से ली गई थी, इसलिए नौ तस्वीर जोड़कर पैनोरमा बनाया गया। इसमें एक फ्रेम का एचडीआर ब्लेंड किया ताकि शनि, नेप्च्यून और बुध दिखाई दें।'

---

**लौह युग की शुरुआत को लेकर बदल जाएगी दुनिया की मान्यता**

# लोहे के इस्तेमाल का सबसे पुराना साक्ष्य मिला भारत में

**अंकारा।** दुनिया में अब तक तुर्की को लोहे का उत्पादन शुरू करने वाले सबसे पहले क्षेत्र के रूप में माना जाता रहा है, लेकिन हाल ही में हुए एक खोज ने लौह युग की शुरुआत को लेकर नई बहस शुरू कर दी है। पुरातत्वविदों को भारत के तमिलनाडु में छह जगहों पर लोहे की वस्तुएं मिली हैं, जो 2953-3345 ईसा पूर्व तक पुरानी हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि दक्षिणी राज्य दुनिया के उन पहले स्थानों में से एक था, जहां लोहे को गलाकर इस्तेमाल किया जाता था।



### कहां से आया शुरुआती लोहा

शुरुआत में इंसानों ने जब लोहे का इस्तेमाल शुरू किया तो यह दो प्रकार का था। एक उल्कापिंड से और दूसरा गलाने वाला लोहा था। गलाने वाला लोहा अयस्कों से निकाला जाता था। बड़े पैमाने पर उत्पादन के साथ इसे लौह की शुरुआत के लिए जिम्मेदार माना जाता है। उल्कापिंड वाला लोहा धरती पर गिरे उल्कापिंडों से प्राप्त होता है।

### गलाकर करते थे लोहे का इस्तेमाल

तमिलनाडु के राज्य पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 5300 साल पहले क्षेत्र में रहने वाले लोग लोहे को गलाने के बारे में जानते थे और उसका इस्तेमाल करते थे। इसके लिए 1200 से 1400 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ताजा खोज से पता चलता है कि लोहे को निकालने, गलाने, गढ़ने और उसे आकार देने की प्रक्रिया भारतीय उपमहाद्वीप में शुरू हुई होगी।

**लौह युग का मिला प्रमाण :** पुरातत्वविदों ने तमिलनाडु के आदिच्चनल्लूर, शिवगलाई, मयिलाडुमपराई, किलनामंडी, मंगडू और थेलुंगनूर स्थलों से नमनू जमा किए। शिवगलाई से प्राप्त चारकोल और बर्तनों के टुकड़े (सिरेमिक सामग्री के) का इतिहास 2953 से 3345 ईसा पूर्व का है।

---

# 10 महीने तक लगातार उड़ता है 'कॉमन स्विफ्ट', आसमान में ही खाता और सोता है

**लंदन।** इस धरती पर कई ऐसे जीव हैं, जिनके खासियत जानने के बाद हैरानी होती है। आज हम आपको एक ऐसे ही पक्षी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आकाश में ही खाता है, आकाश में ही सोता है और लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। आकाश में खाने-पीने और सोने वाले रहस्यमयी पक्षी का नाम 'कॉमन स्विफ्ट' है। शोध से पता चला है कि ये पक्षी लगातार 10 महीनों तक आकाश में उड़ सकते हैं। ऐसे पक्षी आमतौर पर यूरोप में पाए जाते हैं, जिसे कॉमन स्विफ्ट पक्षी के रूप में जाना जाता है। यह पक्षी काफी हद तक फिंक जैसा



दिखता है। यह पक्षी अपनी गति के साथ-साथ उड़ने की क्षमता के लिए भी प्रसिद्ध है। कई लोगों को आश्चर्य होता है कि यह पक्षी कैसे सोता है, जबकि यह लगातार 10 महीने तक उड़ने की क्षमता रखता है!

**गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है नाम :** कॉमन स्विफ्ट का आकार टारपीडो मिसाइल जैसा होता है, तथा इसके पंख तीखे व लंबे होते हैं। सदियों से पक्षी प्रेमी इस पक्षी की उड़ान कौशल से मोहित होते रहे हैं। इस लंबी यात्रा के कारण पक्षी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। विज्ञान शिक्षक अरूप दत्ता ने बताया कि यह पक्षी जब किसी पेड़ की टहनी या जमीन पर उतरता है तो वह सिर्फ एक से दो घंटे के लिए ही रहता है। इसके बाद उनकी 'उड़ान' पुनः शुरू हो जाती है।

### आकाश में उड़ने वाले कीटों को पकड़ते हैं और खाते हैं

शोधकर्ताओं ने बताया है कि बहुत अधिक ऊंचाई पर जब ये पहुंच जाता है, तो वहां से धीरे-धीरे उतरते समय यह हल्की झपकी ले लेता है। इतना ही नहीं, तेज उड़ने वाला यह पक्षी आकाश में उड़ने वाले कीटों को पकड़ते हैं और खाते हैं। ये पक्षी उड़ते समय भी अपने पार्टनर से संबंध स्थापित कर लेते हैं। वैसे तो यह पक्षी 10 महीने तक बिना जमीन को छुए उड़ सकता है, लेकिन कभी-कभी खराब मौसम में यह तेज पक्षी जमीन पर आ जाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com